कार्यालय
कार्यपालक अभियंता (याँ0),
सिंचाई याँत्रिक प्रमण्डल, डिहरी
डिहरी /

पत्रांक 108 दिनांक 15/02/2024

## अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सुचना सं0:— 04/2023—24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :— कार्यपालक अभियंता (याँत्रिक), सिंचाई याँत्रिक प्रमण्डल डिहरी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय :— दिनांक 23.02.2024 से 28.02.2024 तक कार्यालय अवधि में। (कार्य दिवस)
3. निविदा जमा करने की तिथि एवं समय :— दिनांक 29.02.2024 को 3:00 बजे अपराहन् तक।
4. तकनीकि निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— दिनांक 29.02.2024 को 3:30 बजे अपराहन् तक।
5. वितिय निविदा खोलने की तिथि एवं समय :— तकनीकि निविदा स्वीकृति के पश्चात् तिथि एवं समय की सूचना दी जायेगी।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :—
   1. मुख्य अभियंता (याँ0), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना का कार्यालय।
   2. अधीक्षण अभियंता (याँ0), सिंचाई याँत्रिक अंचल गया शिविर—डिहरी का कार्यालय।
   3. कार्यपालक अभियंता (याँ0), सिंचाई याँत्रिक प्रमंडल, डिहरी का कार्यालय।

07. निविदा संलेख प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :— क्रमांक — 06 में वर्णित कार्यालयों में।

| क्रमांक | कार्य की विवरणी | प्राक्कलित राशि ( रू0 में) | निविदा संलेख का मुल्य (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Oiling and greasing of H/R,C/R,E/R and Lock gate of different canal and different site which comes under civil division Sone canal division Ara (Bhojpur) for Rabi Irrigation. | 313980.00 | 750.00 | 6500.00 | 04 दिन |
| 2 | Oiling and greasing of H/R,C/R,E/R and Lock gate of different canal and different site which comes under civil division Sone canal division Bikramganj (Rohtas) for Rabi Irrigation. | 209608.00 | 500.00 | 4500.00 | 03 दिन |
| 3 | Repair work of Dhelabag lock window gate and valve gate , embedding ,hoisting arrangement, plateform with railing at km-8.95 of Ara Main canal. | 414658.00 | 750.00 | 8500.00 | 04 दिन |
| 4 | Repair work of Nasriganj lock window gate and valve gate , embedding ,hoisting arrangement, plateform with railing at km-18.06 of Ara Main canal. | 379349.00 | 750.00 | 8000.00 | 04 दिन |
| 5 | Repair work of Kesath C/R gate embedded part at km- 46.00 of Dumraon branch canal. | 390259.00 | 750.00 | 8000.00 | 04 दिन |
| 6 | Repair work of Paharma lock window gate and valve gate , embedding ,hoisting arrangement, plateform with railing at km-23.00 of Ara Main canal. | 254541.00 | 750.00 | 5500.00 | 04 दिन |
| 7 | Repair work of Harpur lock window gate and valve gate , embedding ,hoisting arrangement, plateform with railing at km-41.10 of Ara Main canal. | 309326.00 | 750.00 | 6500.0 | 04 दिन |
| 8 | Repair work of Chauri lock window gate and valve gate , embedding ,hoisting arrangement, plateform with railing at km-50.61 of Ara Main canal. | 309326.00 | 750.00 | 6500.00 | 04 दिन |
| 9 | Fabriction erection and renovation of embedded parts for 1 Nos. C/R gate at R/D 44.20 OF S.H.L.C . | 303157.00 | 750.00 | 6500.00 | 04 दिन |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Fabriction erection and renovation of 2 Nos. H/R gate and its embedded parts at R/D 0.00 of kudra subdistributory OF S.H.L.C . | 474007.00 | 750.00 | 9500.00 | 04 दिन |
| 11 | Fabrication & erection of 01 H/R gate with embedding, hoisting arrangement, platform and railing at R.D 68.5 of S.H.L.C . | 169277.00 | 500.00 | 3500.00 | 03 दिन |
| 12 | Fabrication & erection of 01 H/R gate with embedding, hoisting arrangement, platform and railing at R/D 15.00 Girdhariya Sub Distrobutry of S.H.L.C | 159070.00 | 500.00 | 3500.00 | 03 दिन |
| 13 | Fabrication erection 01 H/R gate,embedding, hoisting arrangement, platform with railing at R/D 163.02 of S.H.L.C . | 141317.00 | 500.00 | 3000.00 | 03 दिन |
| 14 | Oiling & Greasing of H/R, C/R & E/R gate at Different R.D. of Western Sone high level canal from R.D. 0.00 to 168.00 for Rabi Irrigation for year 2023-2024 for Rabi Irrigation. | 336480.00 | 750.00 | 7000.00 | 04 दिन |
| 15 | Fabrication & erection of 01 H/R gate with embedding, hoisting arrangement, platform and railing at R.D 47.00 of S.H.L.C . | 195270.00 | 500.00 | 4000.00 | 03 दिन |
| 16 | Oiling & Greasing of H/R, C/R, E/R, & window gate at Different K.M. of Western Main Canal from 0.00 K.M. to 31 K.M. & Gara Chaubey Branch Canal from 0.00 K.M. to 61.00 K.M for Rabi Irrigation. | 250390.00 | 750.00 | 5500.00 | 04 दिन |
| 17 | Oiling & Greasing of H/R, C/R, E/R, & window gate at Different K.M. of Durgawati right main canal from 3.38 k.m. to 34.08 k.m & Durgawati left main canal from 4.51 k.m. to 22.16 k.m for Rabi Irrigation. | 102761.00 | 500.00 | 2500.00 | 03 दिन |
| 18 | Supply,fabrication,erection & commissioning of 02 nos. hoisting arrangement at 7.10 km of Ara main canal , Akhodigola. | 745684.00 | 1250.0 | 15000.00 | 05 दिन |
| 19 | Fabrication erection of hoisting arrangement platform with stair at Madanpur shyphon km- 13.00 of Western Main Canal | 892173.00 | 1250.00 | 18000.00 | 05 दिन |
| 20 | Fabrication erection of 02 Nos. C/R gate, embedding, hoisting arrangement, platform, railing with stair at chenari distributary of ch-271 under durgawati Right main canal | 461277.00 | 750.00 | 9500.00 | 04 दिन |
| 21 | Fabrication erection of 01 Nos. C/R gate, embedding, hoisting arrangement, platform, railing with stair at ugahani distributary of ch-09 under durgawati Right main canal | 257705.00 | 750.00 | 5500.00 | 04 दिन |
| 22 | Fabrication erection of 02 Nos. C/R gate, embedding, hoisting arrangement, platform, with railing at urda distributary of ch-12 under durgawati Right main canal | 403389.00 | 750.00 | 8500.00 | 04 दिन |
| 23 | Fabrication erection of 01 Nos. H/R gate, embedding, hoisting arrangement, platform, railing at Lakshanpura Minor km- 46.50 of Gara Chaubey Branch Canal | 102826.00 | 500.00 | 2500.00 | 03 दिन |
| 24 | Fabrication erection of 02 Nos. C/R gate, embedding, hoisting arrangement, platform, with railing at Salthua k.M. 10.30 of karghar distributary | 425203.00 | 750.00 | 9000.00 | 04 दिन |

नोटः– निविदा के नियमों, शर्तो एवं विस्तृत जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय, सूचना बोर्ड तथा निविदा संलेख के बिक्री स्थानों पर सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता (यॉं0),
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल,डिहरी

# निविदा के नियम एवं शर्तें

1. इस निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु कार्य से संबंधित जिले का स्थानीय अभिकर्ता वर्ग–IV श्रेणी का पंजीकरण मान्य होगा।
2. निविदादाता को सदृष्य यांत्रिक कार्यो के लिए निविदा के साथ अद्यतन उद्योग आधार प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाताओं को दो मुहरबंद लिफाफों में निविदा दस्तावेज समर्पित करना होगा। प्रथम मुहरबंद लिफाफा पर तकनीकि निविदा तथा दूसरे लिफाफे पर वितिय निविदा अंकित करना होगा। तकनीकि निविदा वाले लिफाफे में स्थानीय अभिकर्त्ता श्रेणी का निबंधन प्रमाण–पत्र, उद्योग आधार का निबंधन प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 निबंधन संख्या, पैन नंबर, फैक्ट्री लाईसेंस, कर्मशाला का निरीक्षण प्रतिवेदन, आधार कार्ड, तथा वांछित अग्रधन कि राशि जमा करना होगा। द्वितिय मुहरबंद लिफाफा में दर अंकित कर (अंक एवं अक्षर दोनो में) जमा करना होगा। सिर्फ प्रथम लिफाफा अर्थात उपरोक्त मापदंड के आधार पर योग्य पाये जाने वाले निविदादाताओं का ही दूसरा लिफाफा (वितिय निविदा) खोला जायेगा।
4. अग्रधन की राशि विधिवत कार्यपालक अभियंता (यॉंत्रिक) सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, डिहरी के पदनाम कार्यालय के नाम से अद्यतन प्रतिज्ञापित करना होगा। अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत प्रमाण–पत्र (आठवाँ निर्गम) या डाकधर सावधि जमा पासबुक (एक, दो एवं तीन वर्षीय) के रूप में जमा करना होगा। यह राशि परिमाण विपत्र में अंकित राशि होगी, जो प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत होगा।
5. कार्य की प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती है, अतएवं परिमाण विपत्र मे अंकित राशि के आधार पर अग्रधन की राशि एवं निविदा संलेख का मूल्य देय होगा। निविदा संलेख का मूल्य नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में भी जमा कर सकते हैं।
6. निविदादाताओं को पार्टनरशीप डीड/मेमोरण्डम ऑफ एसोसियेशन/पावर ऑफ एटर्नी/औथरीटी लेटर की सत्यापित प्रति आवश्यकतानुसार तकनीकि निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
7. निविदा के साथ निविदादाताओं की यॉंत्रिक कार्य सम्पादन हेतु कार्यपालक अभियंता (यॉं0) सिंचाई यांत्रिक प्रमंडल, डिहरी/अधीक्षण अभियंता (यॉं0), सिंचाई यॉंत्रिक अंचल गया, शिविर–डिहरी/मुख्य अभियंता (यॉं0), जल संसाधन विभाग बिहार पटना द्वारा निर्गत कर्मशाला का प्रमाण पत्र स्थान उपलब्ध मशीनों एवं तकनीकि कर्मियों की सूची संलग्न करना होगा, कर्मशाला प्रमाण पत्र की वैधता प्रमाण–पत्र निर्गत की तिथि से एक वर्ष की अवधि तक ही मान्य होगा। निविदा के कार्यो के सम्पादन हेतु कर्मशाला में मशीन/टुल्स एवं तकनिकी कर्मियों का कार्य के अनुरूप होना आवश्यक होगा।
8. निविदादाता के कर्मशाला में कार्य के अनुरूप उचित क्षमता का डीजल जेनेरेटिंग सेट, वेल्डिंग मशीन जिससे 8 नम्बर का इलेक्ट्रोड आसानी से गलाया जा सके एवं अन्य आवश्यक यंत्र–संयंत्र उपलब्ध होना आवश्यक है।
9. निम्न आशय का शपथ पत्र (Affidavit) निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
   "I the undersigned do hereby certify that all the statements made in the required attachment are true and correct and if found fake/forged, the undersigned will be liable for infliction upon the F.I.R and law full punishment as well as black listing".
10. निविदा प्राप्ति की तिथि को राजपत्रित अवकाश घोषित होने पर निविदा अगले कार्य दिवस को निश्चित समय पर प्राप्त एवं खोली जायेगी।
11. एक निश्चित स्तर (परिमाण विपत्र में अंकित कार्य की दर) के नीचे निविदत दर दिये जाने पर संवेदक को अतिरिक्त कार्य प्रतिभू (Additional Performance Guarantee) जमा करना होगा।
12. जिन निविदादाताओं को कार्य आवंटित होगा उन्हें तत्काल एकरारनामा कर कार्य प्रारंभ कर देना होगा। अन्यथा कार्य आवंटन रद्द करते हुए जमानत की राशि जप्त कर ली जायेगी।

13. संवेदक/एजेंसी के विपत्र से 10 प्रतिशत की राशि कटौती की जायेगी, जिसका अंतिम भुगतान संबंधी असैनिक प्रमण्डल के प्रभारी कार्यपालक अभियंता द्वारा कार्य समय पर एवं संतोषप्रद होने की संपुष्टि प्रमाण–पत्र प्राप्त होने के पश्चात् किया जायेगा।

14. निविदा निष्पादन के दौरान वैसे निविदाकारों को कार्य आवंटन से वंचित रखा जायेगा, जिसके विरूद्ध विभाग में कालीकरण की करवाई चल रही हो अथवा कार्य–कलाप संदेहास्पद हो।

15. विभाग द्वारा आपूर्ति किये जाने वाले सामग्रियों के मूल्य की कटौती संवेदक के विपत्र से प्राक्कलित राशि/निविदित राशि अथवा वास्तविक क्रय मुल्य में से जो अधिक होगा की जायेगी।

16. निविदा की अन्य शर्ते परिमाण विपत्र के साथ संलग्न रहेगी। जो निविदादाताओं को मान्य होगा।

17. कार्य का एकरारनामा एफ–2 (कंडिका–23 विलोपित) पर किया जायेगा।

18. निविदादाताओं का दायित्व होगा कि निविदा डालने के पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण कर कार्य की प्रकृति एवं कार्य संपादन में आनेवाली कठिनाईयों से स्वयं अवगत हो ले। एकरारनामा संपादित कर लेने के बाद कार्य संपादन में असमर्थ रहने वाले संवेदक नियमानुकुल दंडात्मक कारवाई के भागी होंगे एवं ऐसे संवेदक के विरूद्ध काली सूचि में डालने हेतु अनुशंसा किया जा सकता है।

19. प्रभारी अभियंता के नियमानुसार एवं विशिष्ट के अनुरूप संवेदक को कार्य करना होगा।

20. गेट निर्माण एवं अन्य कार्यो को पूरा करते समय प्रभारी अभियंता से गुणवता एवं विशिष्ट आदि की जाँच करा लेना संवेदक के लिये अनिवार्य होगा, जो संवेदक के खर्च पर ही की जायेगी।

21. कार्य के पूर्ण होने तक सामग्रियों की सुरक्षा एवं भंडार आदि की व्यवस्था का दायित्व संवेदक का होगा एवं कार्य करने के पश्चात पुराने लौह सामग्री को उचित प्राप्ति रसीद लेकर विभागीय (प्रमण्डल के अधीन) भंडार में जमा करना अनिवार्य होगा।

22. वस्तु एवं सेवा कर, आयकर की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

23. अपर मुख्य सचिव, गृह सचिव बिहार पटना के पत्रांक 29 दिनाक 25.01.2021 के अनुसार आरक्षी अधीक्षक द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

24. श्रम कल्याण निधि मद में (1%) एक प्रतिशत की दर से कटौती की जायेगी।

25. लौह सामग्रियाँ ख्यात निर्माता द्वारा निर्मित है एवं अधिकृत विक्रेता से ही खरीदी गई है, माँगे जाने पर संवेदक को इस आशय का प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

26. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।

27. बिना कारण बताये पूर्ण अथवा आंशिक निविदा को स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा। रद्द किये गये निविदा के लिए किसी प्रकार का स्पष्टीकरण बताने हेतु निर्णय लेने वाले पदाधिकारी बाध्य नहीं होंगे।

28. निविदाताओं को तकनिकि निविदा के साथ सभी अभिलेख स्वयं सत्यापित/राजपत्रित पदाधिकरी/नोटरी के द्वारा अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

29. संवेदक द्वारा संपादित कार्य एक वर्ष तक वारंटी के अन्दर होगा, पूरे सिंचाई/बाढ़ अवधि में किसी भी तरह की खराबी आने पर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उन्हें मरम्मति कर पुनः क्रियाशील करना अनिवार्य होगा।

30. जिन निविदादाताओं को कार्य आवंटित होगा, उन्हें एकरारनामा के समय निर्धारित अवधि में कार्य पूरा करने से संबंधित स्वहस्ताक्षरित वर्क सिडयूल (work schedule) (जो एकरारनामा का अभिन्न अंग समझा जायेगा) समर्पित करने के बाद ही एकरारनामा किया जायेगा एवं कार्यादेश प्राप्त होते ही यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ कर देना होगा, अन्यथा कार्य आवंटन रद्द करते हुए जमानत की राशि जप्त कर ली जायेगी।

31. एक से अधिक निविदाकार के द्वारा समान न्यूनतम दर उद्धत किये जाने की स्थिति में सफल निविदाकार का चयन बिहार लोक निमार्ण संहिता के नियम– 163 प्रावधान के आलोक में लौटरी के माध्यम से किया जायेगा।

32. निधि उपलब्ध होने के पश्चात ही कार्य का भुगतान होगा।

Kunal 15/2/24

कार्यपालक अभियंता (याँ0),
सिंचाई याँत्रिक प्रमण्डल,डिहरी

A Kumar 15.2.2024